Roll No. :

कुल प्रश्नों की संख्या : **15** ]
Total No. of Questions : **15** ]

[ कुल मुद्रित पृष्ठों की संख्या : **8**
[ Total No. of Printed Pages : **8**

# S-262010/810–A

## विषय : हिन्दी

## Subject : Hindi

समय : **3 घण्टे** ]
Time : **3 hours** ]

[ पूर्णांक : **80**
[ Maximum Marks : **80**

**निर्देश** :
(*i*) सभी प्रश्न हल करना अनिवार्य है।
(*ii*) प्रश्न-पत्र के सभी प्रश्नों को तीन खण्डों—'क', 'ख' और 'ग' में विभक्त किया गया है।
(*iii*) खण्ड-'क' में 2 प्रश्न हैं, जिसमें 12 अंक निर्धारित हैं।
(*iv*) खण्ड-'ख' में 5 प्रश्न हैं, जिसके 4 प्रश्नों में विकल्प दिए गए हैं। इस खण्ड में कुल 20 अंक निर्धारित हैं।
(*v*) खण्ड-'ग' के 'आरोह' भाग में 36 अंक निर्धारित हैं।
(*vi*) खण्ड-'ग' के 'वितान' भाग में 12 अंक निर्धारित हैं।

### ( खण्ड-'क' )

**प्रश्न-1** अधोलिखित अपठित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर, इस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

वैज्ञानिक विकास के क्षेत्र में भी हम पतंग के कम ऋणी नहीं हैं, किन्तु बहुतों को शायद यह मालूम नहीं होगा, कि पतंग के आविष्कार ने

ही अनेक वैज्ञानिक आविष्कारों को जन्म दिया और बहुत दिनों तक तो ये वायु-विहार कागज के टुकड़े वैज्ञानिक यंत्रों का काम भी देते रहे। सन् 1862 में इसी के सहारे विद्युत् शक्ति की खोज की गई। पतंग उड़ाने की सफलता ने ही बैलून और हवाई जहाज की कल्पनाओं को जन्म दिया। जिन दिनों ऋतु-पर्यवेक्षण यंत्रों का आविष्कार नहीं हुआ था उन दिनों पतंग से ही हवा का दबाव, तापक्रम हवा की गति आदि का पता लगाया जाता था। महायुद्धों के समय पतंग ने अपना सैन्य महत्त्व भी सिद्ध कर दिया। सैनिकों ने पतंग द्वारा दूर से इशारा करने, इशारों से सूचना देने, आदेश देने की स्थिति बतलाने की अहम् जिम्मेदारी बखूबी निभाई। कभी-कभी पतंगों के साथ बाँधकर छोटे-छोटे कैमरे भी उड़ाये गये, उन्होंने शत्रु के महत्त्वपूर्ण केन्द्रों के चित्र सफलतापूर्वक लिये।

(*i*) उपर्युक्त गद्यांश का शीर्षक लिखिए। [1]

(*ii*) हवाई जहाज की कल्पना को किसने जन्म दिया? [1]

(*iii*) किन-किन वैज्ञानिक आविष्कारों में पतंग ने प्रेरणा दी है? [2]

(*iv*) पतंग का युद्धकालीन महत्त्व क्या है? [2]

(*v*) उपर्युक्त गद्यांश का सार अपने शब्दों में लिखिए। [2]

**प्रश्न-2** अधोलिखित अपठित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर, संबंधित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

चलते रहो सदैव जगत में चलते रहो निरन्तर।
सोने वाला ही कलयुग है अँगड़ाने वाला द्वापर,
खड़ा हो गया जो उठकर वह त्रेता युग है नरवर,
सत्य कृत युगी है मानव किन्तु चल पड़ा जो पथ पर,
चलते रहो सदैव जगत में चलते रहो निरन्तर।

चलता जो वह मधु पाता है चलता हुआ सुफल चखता
सूरज का देखो श्रम अविकल चलता हुआ न वह थकता
चलने में आलस करके वह बैठे नहीं रहता पल भर
चलते रहो सदैव जगत में चलते रहो निरन्तर।

(*i*) कविता में सतयुगी मानव किसे कहा गया है? [1]

(*ii*) सफलता का स्वाद कौन चखता है? [1]

(*iii*) सूरज से हमें क्या प्रेरणा मिलती है? [1]

(*iv*) इस कविता से हमें क्या शिक्षा मिलती है? [1]

## (खण्ड-'ख')

**प्रश्न-3** कविता किसे कहते हैं? कविता के किन्हीं दो तत्त्वों के विषय में लिखिए। [3]

***अथवा***

नाटक किसे कहते हैं? नाटक लेखन में समय का क्या महत्त्व है?

**प्रश्न-4** उभरती 'प्रौद्योगिकी' विषय पर आलेख लिखिए। [3]

***अथवा***

'भारतीय कृषि' विषय पर एक फीचर लिखिए।

**प्रश्न-5** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

(*i*) जन संचार किसे कहते हैं? [1]

(*ii*) प्रिंट माध्यम क्या है? [1]

(*iii*) कारोबार और अर्थ जगत् से जुड़ी रोजमर्रा की खबरें किस शैली में लिखी जाती हैं? [1]

(*iv*) पत्रकार के कितने प्रकार होते हैं? [1]

**प्रश्न-6** दैनिक समाचार-पत्र के सम्पादक को पत्र लिखिए, जिसमें 'एक पेड़ माँ के नाम' इस अभियान को सफल बनाने के लिए समस्त विभागों को प्रेरित करें। [1+3+1=5]

*अथवा*

अपने मोबाइल फोन के खो जाने की सूचना देते हुए संबंधित क्षेत्र के थाना प्रभारी को एक पत्र लिखिए।

**प्रश्न-7** निम्नलिखित में से किसी **एक** शीर्षक पर लगभग 150 से 200 शब्दों में निबंध लिखिए : [1+3+1=5]

(*i*) वन संपदा का संरक्षण

(*ii*) युवा चेतना और समाज

(*iii*) अंतरिक्ष विज्ञान और भारत

(*iv*) छत्तीसगढ़ की लोककला का विकास

**( खण्ड-'ग' )—'आरोह'**

**प्रश्न-8** निम्नलिखित काव्यांश पर आधारित प्रश्नों के उत्तर अपने शब्दों में लिखिए :

सारी मुश्किल को धैर्य से समझे बिना
मैं पेंच को खोलने के बजाए
उसे बेतरह कसता चला जा रहा था
क्योंकि इस करतब पर मुझे
साफ सुनाई दे रही थी
तमाशबीनों की शाबाशी और वाह-वाह।

(*i*) पेंच को खोलने से कवि का क्या आशय है? [2]

(*ii*) तमाशबीन का क्या अर्थ है और वह क्या प्रतिक्रिया दे रहा था? [1+1=2]

**प्रश्न–9** निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर, इस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

मुझसे मिलने को कौन विकल?
मैं होऊँ किसके हित चंचल?
यह प्रश्न शिथिल करता पद को,
भरता उर में विह्वलता है!
दिन जल्दी-जल्दी ढलता है!

(*i*) काव्यांश में प्रयुक्त प्रश्नालंकार के प्रभाव को स्पष्ट कीजिए। [2]

(*ii*) काव्यांश के शिल्प-सौंदर्य पर प्रकाश डालिए। [2]

**प्रश्न–10** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

(*i*) पतंग के साथ-साथ वे भी उड़ रहे हैं—बच्चों का उड़ान से कैसा संबंध है? [2]

(*ii*) 'कैमरे में बंद अपाहिज' इस कविता के द्वारा कवि समाज को क्या संदेश देना चाहता है? [2]

(*iii*) बहलाती सहलाती आत्मीयता बरदाश्त नहीं होती है—और कविता के शीर्षक 'सहर्ष स्वीकारा है' में अंतर्विरोध को स्पष्ट कीजिए। [2]

प्रश्न–11 निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर संबंधित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

एक–एक बार मुझे मालूम होता है कि यह शिरीष एक अद्भुत अवधूत है। दुःख हो या सुख, वह हार नहीं मानता। न ऊधो का लेना न माधो का देना। जब धरती और आसमान जलते रहते हैं, तब भी यह हजरत न जाने कहाँ से अपना रस खींचते रहते हैं। मौज में आठों याम मस्त रहते हैं। एक वनस्पतिशास्त्री ने मुझे बताया है कि यह उस श्रेणी का पेड़ है जो वायुमंडल से अपना रस खींचता है। जरूर खींचता होगा। नहीं तो भयंकर लू के समय इतने कोमल तंतुजाल और ऐसे सुकुमार केसर को कैसे उगा सकता था?

(*i*) अवधूत का क्या अर्थ है? शिरीष को अवधूत क्यों कहा गया है? [2]

(*ii*) शिरीष के जिजीविषा से हमें क्या प्रेरणा मिलती है? [2]

प्रश्न–12 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

(*i*) पर्चेजिंग पावर किसे कहते हैं? [1]

(*ii*) 'क्या लिखूँ?' नामक गद्य पाठ के लेखक का नाम बताइये। [1]

(*iii*) 'गगरी फूटी बैल पियासा' से लेखक का क्या आशय है? [2]

(*iv*) लुट्टन पहलवान ने ऐसा क्यों कहा होगा कि मेरा गुरु कोई पहलवान नहीं, यही ढोल है? [3]

(*v*) डॉ. अम्बेडकर के मत से 'दासता' की व्यापक परिभाषा क्या है? लिखिए। [3]

**प्रश्न–13** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

(*i*) सोरठा छंद का उल्टा कौन–सा छंद है? [1]

(*ii*) 'कैमरे में बंद अपाहिज' पाठ किस छंद में लिखा गया है? [1]

(*iii*) कविता में बिंब विधान किसे कहते हैं? [2]

(*iv*) मानवीयकरण अलंकार किसे कहते हैं? उदाहरण सहित समझाइए। [2]

(*v*) दक्षिण ध्रुवी अंधकार अमावस्या में संज्ञा और विशेषण छाँटिए। [2]

## ( खण्ड–'ग' )—'वितान'

**प्रश्न–14** नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(*i*) 'जूझ' कहानी के नायक का नाम लिखिए। [1]

(*ii*) 'अतीत में दबे पाँव' पाठ के लेखक का क्या नाम है? [1]

(*iii*) 'समहाऊ इंप्रापर' वाक्यांश का प्रयोग यशोधर बाबू हमेशा करते रहे हैं। इस वाक्यांश का उसके व्यक्तित्व और कहानी के कथ्य से क्या संबंध बनता है? [2]

**प्रश्न–15** नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

( क ) 'सिल्वर वैडिंग' कहानी के आधार पर पीढ़ियों के अंतराल के कारणों को लिखकर, अंतराल को कैसे पाटा जा सकता है? स्पष्ट कीजिए। [4]

*अथवा*

'जूझ' का नायक किशोर छात्रों के लिए एक आदर्श प्रेरणा-स्रोत है, कहानी के आधार पर लिखिए।

(ख) "सिंधु सभ्यता की खूबी उसका सौंदर्य-बोध है, जो राज-पोषित या धर्म-पोषित न होकर समाज-पोषित था।" ऐसा क्यों कहा गया है? लिखिए। [4]

*अथवा*

"टूटे-फूटे खंडहर, सभ्यता और संस्कृति के इतिहास के साथ-साथ धड़कती जिंदगियों के अनछुए समयों का भी दस्तावेज होते हैं।" इस कथन का भाव स्पष्ट कीजिए।

• • •